जल गंगा संवर्धन अभियान पानी बचाने की जनक्रांति : मंत्री सिलावट

जल संरक्षण-पौधारोपण से ही सुरक्षित होगा भविष्य

पौधारोपण कर बताया धरती पर हरियाली का महत्व

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प और मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश की जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करने एवं भूमिगत जलस्तर बढ़ाने के उद्देश्य से जल गंगा संवर्धन अभियान एक सार्थक पहल के रूप में संचालित किया गया। लेख है कि मंगलवार को रेणुका झील के किनारे जल गंगा संवर्धन अभियान के समापन समारोह में म.प्र.शासन जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट शामिल हुए।

संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि आज मैं, अपनों के बीच आया हूँ, हम सभी संकल्प ले कि जल संरक्षण की इस दिशा में जल की एक-एक बूंद बचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने मां रेणुका के चरणों में नमन करते हुए कहा कि विकसित भारत के संकल्प एवं एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए आशीष दें।

बुरहानपुर आस्था एवं संस्कृति की नगरी है तथा जिले का गौरवशाली इतिहास रहा है। इसी संकल्प के साथ हम अभियानों को सफल बनाने की दिशा में कार्य कर रहे हैं। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है, जनसहयोग से जल गंगा संवर्धन त्रिवेणी के तहत जल संरक्षण को बढ़ावा देने एवं जल स्रोतों को पुनर्जीवित करने की जनक्रांति है। जल का विवेकपूर्ण उपयोग आवश्यक है, क्योंकि जल हमारे भविष्य का आधार है।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने पर्यावरणीय संरक्षण के लिये प्रेरित करते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों, उद्यानों और अन्य शासकीय संस्थानों के परिसरों में पौधेरोपित करे। विद्यार्थियों एवं युवाओं को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूक करते हुए अभियान से जोड़े ताकि आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित एवं हरित भविष्य मिले। उन्होंने नागरिकों से आह्वान किया कि जन्मदिनए वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर एक पौधा अवश्य लगाएं और उसके संरक्षण का संकल्प भी लें।

रेणुका झील का सौंदर्यीकरण जल्द होगा पूरा

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि रेणुका झील के सौंदर्यीकरण का शेष कार्य जल्द पूरा किया जाए। मंत्री सिलावट ने अपने संबोधन में कहा कि बुरहानपुर एवं खंडवा क्षेत्र को तापी मेगा रिचार्ज परियोजना का उपहार मिला हैए जो आगामी समय में क्षेत्र के जल संरक्षण एवं सिंचाई व्यवस्था को नई दिशा देगा। प्रभारी मंत्री सिलावट ने समापन समारोह में मुख्यमंत्री जी के संदेश का वाचन किया। आज हम सब जल गंगा संवर्धन अभियान-2026 के समापन के अवसर पर एकत्रित हुए हैं, जो कि जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में मध्यप्रदेश की सामूहिक यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है।

विदित है कि अमृत 2.0 के तहत 185.27 करोड़ रूपये की राशि से रेणुका झील का सौंदर्यीकरण कार्य किया गया है। प्रस्तावित कार्य.योजना में म्यूजिकल फाउन्टेन, मनोरंजन गतिविधियों एवं अन्य कार्य किये जायेंगे।

जनप्रतिनिधियों ने रोपित किए पौधें :- समापन समारोह पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने त्रिवेणी का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर पीपल, कदम, नीम सहित अन्य पौधें भी लगाए गए।

जल संरक्षण के प्रति किया प्रेरित:- एक दिवसीय प्रवास के दौरान जिले में पधारे प्रभारी मंत्री सिलावट ने कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें प्रेरित किया।

बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस ने रेणुका झील के सौंदर्यीकरण के लिए 70 लाख रूपये देने की बात कही। उन्होंने उपस्थितजनों को जल को संभालने एवं प्रकृति से प्रेम करने तथा पानी का आवश्यकतानुसार इस्तेमाल करने का आव्हान किया। समापन समारोह में नेपानगर विधायक मंजू दादू और महापौर माधुरी पटेल ने कहा कि 6 जुलाई को भारत के महान राष्ट्रनायक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जयंती अवसर पर इसी परिसर में प्रतिमा स्थापना हेतु भूमिपूजन किया जायेगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री हर्ष सिंह ने जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के घटकों की जानकारी दी एवं विभागों द्वारा अभियान के तहत किये गये कार्यों के बारे में बताया।

समूह की दीदियों किए बीज वितरित :-कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री सिलावट द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले में बेहतर कार्य करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में राष्ट्रीय तिलहन मिशन अंतर्गत एक बगियां माँ के नाम के तहत चयनित स्व सहायता समूह की दीदीयों को मूंगफल्ली के बीज वितरित किए। समापन कार्यक्रम में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस,नेपा विधायक मंजू दादू, महापौर माधुरी पटेल,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम माको, जिला अध्यक्ष मनोज मान, अन्य जन प्रतिनिधिगण, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, सीईओ जिला पंचायत एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा, अधिकारी और अन्य मौजूद थे।

डायरिया रोकथाम के लिए जागरूकता अभियान

नवभारत न्यूज

शाहपुर । नगर परिषद् शाहपुर द्वारा स्टॉप डायरिया कैपेन 2026 अंतर्गत डायरिया की रोकथाम, समय पर उपचार, स्वच्छता, स्वच्छ पेयजल और बारिश में डायरिया की रोकथाम के लिए अभियान चलाया।

साथ ही जलजनित बीमारियों की रोकथाम एवं नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से अध्यक्ष साधना वीरेंद्र तिवारी के आदेशानुसार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिलीप चौहान के मार्गदर्शन में नगर के वार्ड नंबर 13 शासकीय उर्दू प्राथमिक शाला शाहपुर में डायरिया की रोकथाम, उपचार, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वच्छ पेयजल विषय पर विशेष जनजागरूकता अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालय परिवार को डायरिया के कारण, लक्षण,बचाव एवं समय पर उपचार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को बताया गया कि डायरिया होने पर शरीर में पानी एवं लवण की कमी हो जाती है,इसलिए रोगी को तुरंत ओआरएस घोल,पर्याप्त मात्रा में स्वच्छ पानी तथा चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार उपचार एवं गंभीर लक्षण दिखाई देने पर निकटतम स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल संपर्क करने जानकारी दी गई।

जागरूकता कार्यक्रम में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता पर विशेष बल देते हुए विद्यार्थियों को भोजन करने से पहले तथा शौच के बाद साबुन से हाथ धोने,घर एवं विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखने, खाद्य पदार्थों को ढंककर रखने, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

नगर परिषद् शाहपुर ने नागरिकों से अपील की है कि वर्षा ऋतु में विशेष सावधानी बरतें,स्वच्छता बनाए रखें, स्वच्छ पेयजल का उपयोग करें तथा डायरिया के लक्षण दिखाई देने पर लापरवाही न करते हुए तत्काल स्वास्थ्य केंद्र में उपचार प्राप्त करें। परिषद् द्वारा जनस्वास्थ्य की सुरक्षा हेतु इस प्रकार के जागरूकता अभियान निरंतर संचालित किए जाते है ।

विश्व हिंदू परिषद कार्यकर्ता विकास वर्ग का समापन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। विश्व हिंदू परिषद खंडवा विभाग द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यकर्ता विकास वर्ग का समापन श्री कन्हैया कुंज मैरेज गार्डन,खड़कोद में सम्पन्न हुआ। समापन सत्र में मालवा प्रांत सह संयोजक श्री यश जी बच्चानी, विभाग संगठन मंत्री श्री वासुदेव जी पांड्या एवं विभाग मंत्री श्री निलेश जी महाजन मंचासीन रहे।

अपने उद्बोधन में श्री यश जी बच्चानी ने कार्यकर्ताओं को भारत के इतिहास, भारत विभाजन तथा देश, धर्म और समाज के समक्ष उपस्थित चुनौतियों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि इतिहास में अनेक बार हिंदू समाज पर अत्याचार हुए,मंदिरों को ध्वस्त किया गया और धर्मांतरण के प्रयास किए गए, किंतु हिंदू समाज कभी झुका नहीं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में भी देश एवं समाज के सामने अनेक चुनौतियाँ हैं, जिनका विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण के साथ सामना कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

उन्होंने कहा कि जब.जब देश, धर्म और समाज की रक्षा का प्रश्न आया है, तब.तब विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने अपने व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर अग्रणी भूमिका निभाई है। समापन अवसर पर विभाग, जिला, प्रखंड तथा मातृशक्ति दुर्गा वाहिनी की बहनों सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। जानकारी दिनेश राठौड़ प्रचार प्रसार प्रमुख ने दीए।

बुरहानपुर पुलिस का साइबर जागरूकता सेफ क्लिक 2 .0 अभियान के तहत कार्यक्रम

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा संचालित सेफ क्लिक 2.0 साइबर जागरूकता अभियान पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रदीप शेण्डे एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में जिले में अभियान संचालित किया जा रहा है। साइबर अपराध होने की स्थिति में तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन अथवा राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया गया।

थाना कोतवाली पुलिस द्वारा आज साइबर सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया साइबर सुरक्षा रैली के दौरान आकर्षक एवं प्रभावशाली स्लोगनों के माध्यम से नागरिकों जागरूकता का संदेश देते हुए थाना कोतवाली से प्रारंभ होकर फूल चौक,गांधी चौक, सुभाष चौक, भीड़भाड़ वाले इलाके से होते हुए मंडी चौराहा पहुंच कर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक नीता देअरवाल द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर जागरूकता सेफ क्लिक 2.0 अभियान के विषय पर विस्तृत जानकारी दी ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, साइबर फ्रॉड, सोशल मीडिया धोखाधड़, डिजिटल भुगतान सोशल मीडिया का सही उपयोग करने के संबंध में भी जानकारी दी। पेम्फलेट वितरित किए गए।

थाना शाहपुर में थाना प्रभारी शाहपुर अखिलेश मिश्रा एवं स्टाफ द्वारा ग्राम भावसा ग्राम वासियों को व्हाट्सएप पर कोई अंजान लिंक पर क्लिक ना करे और न ही कोई ऐप डाउनलोड करें ना ही अंजान वीडियो कॉल उठाए अपने बैंक खाते व आधार कार्ड से संबंधित जानकारी किसी से भी शेयर न करने की सलाह दी , ।

थाना खकनार में थाना प्रभारी खकनार अभिषेक जाधव एवं स्टाफ द्वारा थाना परिसर में ग्रामीणों को एक एकत्रित कर ग्राम वासियों को साइबर जागरूकता के संबंध में जानकारी दी गई एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया।

थाना निंबोला में थाना प्रभारी निंबोला उप निरीक्षक राहुल कामले एवं स्टाफ द्वारा निंबोला बस स्टैंड पर बसों में यात्रियों को साइबर अपराध संबंध में जानकारी दी गई एवं साइबर अपराध से बचने के उपाय को भी बताया गया एवं पेम्फलेट वितरित किए गए। बुरहानपुर पुलिस द्वारा सेफ क्लिक 2.0 अभियान के माध्यम से लगातार जनमानस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने की दिशा में प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं।

एक नजर में

मारवाड़ी चेतना महिला शाखा के शपथ ग्रहण समारोह में सावन मेले की बनाई रूपरेखा

बुरहानपुर। मारवाड़ी चेतना महिला शाखा का 10वां शपथ विधि समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महिला शाखा की सचिव काजल जैन ने बताया कि कार्यक्रम में निवृत्तमान अध्यक्ष रूपल मुंदड़ा ने विधिवत अपने दायित्वों का कार्यभार नवनिर्वाचित अध्यक्ष रानी पारिक को सौंपा। युवा मंच के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम टिबड़ेवाल ने अध्यक्ष रानी पारीक एवं कार्यकारिणी को शपथ दिलाई। सहसचिव फाल्गुनी शर्मा अवगत कराया कि संगठन के उद्देश्यों के अनुरूप कार्य करने का संकल्प लिया। समारोह की विशेष उपलब्धि रही कि 35 नए सदस्यों ने भी संस्था की सदस्यता ग्रहण करते हुए शपथ ली। शाखा उपाध्यक्ष वर्षा लाढ एवं अमृता सेठी ने बताया कि कार्यक्रम में मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी, पूर्व अध्यक्ष , वरिष्ठ सदस्य एवं बड़ी संख्या मे महिला शाखा की सदस्या उपस्थित रही। सभी ने नवगठित कार्यकारिणी को शुभकामनाएँ देते हुए सफल कार्यकाल की कामना की तथा समाज सेवा एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रेरित किया। शाखा की कोषाध्यक्ष परिणीति शर्मा ने बताया कि चेतना महिला शाखा का आगामी प्रोजेक्ट सावन मेला कम एक्जीबिशन का आयोजन 19 जुलाई 26 को होने जा रहा है । कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर माधुरी पटेल ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष का स्वागत कर बधाई प्रेषित की। इस अवसर पर शहर की सामाजिक संस्था एवं मारवाड़ी युवा मंच के कार्यकर्ताओं ने नई कार्यकारिणी को बधाई प्रेषित की।

बंदर ने युवक को मारा पंजा, 11 टांके आए

इच्छापुर। इच्छापुर में प्रतिदिन बन्दरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। मंगलवार दोपहर चार बजे निवृत्ती गांवडे के मकान में रोहन पिता किरण गावंडे को घर में घुसकर रोहन के पंजे और पैर को जबरदस्त काट दिया , इतना काटा की रोहन लहू लूहान हुवा। उसे 11 टांके लगे ,रोज गांव में बंदरों ने आतंक मचा रखा है। फारेस्ट विभाग जरा भी ध्यान देने को तैयार नही। 10 वर्षीय रोहन यदी चिल्लाता नहीं , तो घर में रोहन की हालत और भी बिगड जाती। विभाग इस और ध्यान देने की पहल करें ।

एनपीएस के पेंशनर का हाल बेहाल : दीक्षित

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। नई पेंशन स्कीम के अंतर्गत पेंशन पाने वाला हर दूसरा पेंशनर 1 हजार से भी काम में गुजारा कर रहा है। महंगाई के दौर में कर्मचारी पेंशन योजना यूपीएस की हकीकत चिंता बढ़ने वाली है।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के 2024- 2025 के वार्षिक रिपोर्ट के अनुसार देश के 82 लाख पेंशनरों को में से 37 लाख पेंशनर हर महीने 1 हजार से भी कम पेंशन मिल रही है, यानी कि हर दूसरा पेंशनर इतनी राशि में गुजारा करने के लिए मजबूर है, वहीं अमृत कर्मचारियों के बच्चों को मिलने वाली औसत पेंशन सिर्फ 641 रुपए प्रतिमाह है। कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट के प्रांतीय संयोजक ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने बताया कि महंगाई लगातार बढ़ती जा रही है, लेकिन पेंशन की संरचना उसी अनुपात में नहीं बदली।

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के आंकड़ों के मुताबिक 53 लाख सदस्य पेंशनरों को औसतन 2573 पर प्रतिमा पेंशन मिल रही है एवं 22 लाख आश्रित पेंशनर को औसत पेंशन 1740 रुपए हैं जबकि 6 लाख बाल पेंशनरों को और शैतान 641 रुपए प्रतिमा पेंशन मिल रही है। संतोष सिंह दीक्षित का कहना है कि वर्तमान समय में शिक्षा पोषण और स्वास्थ्य पर होने वाले खर्च की तुलना में यह राशि बेहद कम है संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष अशफाक खान, धर्मेंद्र चौकसे, अनिल बाविस्कर, राजेश साल्वे, बृजेश राठौर, राजेश पाटील, अनिल सातव, श्रीमती कल्पना पवार, मंजूश्री ठाकुर ने भी चिंता जाहिर करते कहा कि कम से कम कर्मचारियों को 7.50 हजार रुपए औसत पेंशन मिलना चाहिए।

एलिम्को चिन्हांकन शिविर लगाया,125 दिव्यांगों का किया पंजीयन

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार के एडीप योजना के तहत निशुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण के लिए प्रशिक्षण और चिन्हांकन शिविर नगर निगम ने लगाया। गुजराती मोडवाड़ी भवन में सेवा सदन कॉलेज के सामने नगरी निकाय क्षेत्र के दिव्यांग जनों के लिए दिव्यांग चिन्हांकन शिविर का आयोजन किया गया।

सामाजिक न्याय और कल्याण विभाग अधिकारी दुर्गेश कुमार दुबे ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला प्रशासन और नगर निगम द्वारा शिविर में 125 लोगों का पंजीयन किए गए, जिसमें चिन्हांकन 49 किए, बस पास 21 जारी किए गए,दिव्यांग प्रमाण पत्र 3 जारी किए गए, 04 दिव्यांग प्रमाण पत्र रिन्यूवल किए।

निगम आयुक्त संदीप श्रीवास्तव ने शिविर का निरीक्षण करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में समय-समय पर राज्य सरकार और जिला प्रशासन, नगर निगम द्वारा दिव्यांगजनों के लिए चिन्हांकन, जांच और सहायक शिविर आयोजित किया गया हैं। इन शिविर में दिव्यांगता प्रमाण-पत्र बनाने, यूडीआईडी कार्ड पंजीयन और विकलांगता प्रमाण पत्र, बस पास रिन्यूवल प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन आदि इसलिए निगम ओर जिला प्रशासन द्वारा शिविरों में मेडिकल बोर्ड की टीम द्वारा जांच करके दिव्यांगता प्रतिशत न्यूनतम 40 निर्धारित किया जाता है।

लाभ और पात्रता पेंशन दिव्यांगों को मप्र शासन द्वारा शिविरों के माध्यम से सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए पंजीकरण की सुविधा भी दी गई आवश्यक दस्तावेज ;आवेदन हेतु आधार कार्ड समग्र आईडी पासपोर्ट साइज फोटो पुराना मेडिकल सर्टिफिकेट जरूरतमंदों को आत्मनिर्भर बनाना है।

इस अवसर पर आयुक्त संदीप श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त स्वर्णिका वर्मा, सामाजिक न्याय विभाग जिला अधिकारी दुर्गेश कुमार दुबे, डॉ राजेंद्र येवले,बद्री प्रसाद मोहलिया,निगम सचिव संजय शाह, कार्यालय अधीक्षक संदीप तिवारी, सुरेश यादव, अमित प्रकाश, संजय तिवारी, रबिका मेसी, छाया जनोंरिया, अनुज तारे, इफ्तेख़ार अली आदि निगम अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन

नवभारत न्यूज,

नेपानगर। नगर में मार्च से चल रहा जल गंगा संवर्धन अभियान का मंगलवार को समापन हुआ। साड़ा कॉलोनी स्थित नपा कार्यालय में समारोह आयोजित हुआ जिसमें नगर पालिका अध्यक्ष भारती विनोद पाटील,सीएमओ संतराम चौहान,पार्षद आदि मौजूद रहे। इस दौरान नवनियुक्त एल्डरमैन का स्वागत किया गया। वहीं परिसर में पौधारोपण भी किया गया।

एक नजर आमजनों की समस्याओं को सुनते हुए त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों से कहा

प्रभारी मंत्री सिलावट ने ली समीक्षा बैठक, बारिश-आपदा प्रबंधन को लेकर प्रशासन को सतर्क रहने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज,

बुरहानपुर। जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों, योजनाओं एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि वर्षा ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए सभी विभाग पूर्ण सतर्कता, संवेदनशीलता एवं समन्वय के साथ कार्य करें।

बैठक में प्रभारी मंत्री सिलावट ने निर्देशित किया कि प्रवेशोत्सव के तहत शालाओं में विद्यार्थियों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं। छात्रावासों में भी विद्यार्थियों की सुरक्षा के कड़े इंतजाम एवं सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने छात्रवृत्ति योजनाओं का लाभ पात्र विद्यार्थियों तक समय पर पहुंचाने के निर्देश दिए।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने जिले में क्षतिग्रस्त और जर्जर भवनों को चिन्हित कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही एक पेड़ मां के नाम अभियान के व्यापक प्रचार.प्रसार एवं जनभागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने ग्रामीण क्षेत्रों में वर्षा के दौरान जलभराव वाले गड्ढों को चिन्हित कर तत्काल भरने एवं सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना से बचा जा सके। विद्युत आपूर्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही सड़कों की मरम्मत एवं सुधार कार्यों में तेजी लाने की बात कही गयी।

उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन से संबंधित सभी व्यवस्थाएं मजबूत रहें तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को फील्ड स्तर पर सतत् मॉनिटरिंग करते हुए समस्याओं का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए गए।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि जनहित से जुड़े कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी विभाग बेहतर समन्वय के साथ कार्य करते हुए आमजनों को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

बैठक के दौरान बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला अध्यक्ष मनोज माने, अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी आशुतोष बागरी,सीईओ एवं अपर कलेक्टर सृजन वर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

प्रभारी मंत्री ने सुनी आमजनों की समस्याएं

सर्किट हाउस में ही जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरताए संवेदनशीलता एवं प्राथमिकता के साथ सुना। प्रभारी मंत्री श्री सिलावट ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। उन्होंने निर्देश दिए कि आमजन की समस्याओं के निराकरण में किसी भी प्रकार का अनावश्यक विलंब न करें।

इस दौरान वन, विद्युत, जल संसाधन सहित अन्य विभागों से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की गई। प्रभारी मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों एवं आवेदनों का समय.सीमा में प्रभावी निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।